# चलिए, आपके बारे में बात करते हैं

भागीदार सेवाएं

अगर आपको बताया गया है कि आपको कोई यौन संचारित संक्रमण (STI) और/या ह्युमन इम्युनोडेफिशियन्सी वाइरस (HIV) है, आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता और न्यूयॉर्क राज्य के स्वास्थ्य विभाग (New York Department of Health, NYSDOH) के भागीदार सेवाएं प्रोग्राम में से कोई व्यक्ति रोग के संचरण और रोकथाम के बारे में आप से बात करेगा। वे आपसे आपके यौन साझीदारों के बारे में पूछेंगे, जो संक्रमण के संपर्क में आए हो सकते हैं। अगर आप नशीले पदार्थों का उपयोग करते/करती हैं, तो आप से बिना आलोचना या बिना आपको दोषी ठहराये आपकी सुई साझा करने की आदतों और साझीदारों के बारे में पूछा जाएगा।

## भागीदार सेवाएं (Partner Services, PS) क्या हैं?

भागीदार सेवाएं एक मुफ्त, गोपनीय और स्वैच्छिक NYSDOH प्रोग्राम है, जो यौन संचारित संक्रमण और/या HIV का निदान किए गए व्यक्तियों और उनके साझीदारों को उनके स्वास्थ्य संबंधी परिणामों को बेहतर बनाने और अधिक संचरण के जोखिम को कम करने के लिए परीक्षण, उपचार, चिकित्सा देखभाल, रोकथाम हस्तक्षेप और/या अन्य उचित सहायक सेवाओं से जोड़ने में सहायता करता है। भागीदार सेवाएं कर्मचारी सिफलिस, गॉनरिया, क्लैमाइडिया, एमपॉक्स (जिसे पूर्व में मंकीपॉक्स के रूप में पहचाना जाता था), HIV और/या एक्वायर्ड इम्युनोडेफिशियन्सी सिंड्रोम (AIDS) का निदान किया गया हो ऐसे लोगों के साथ काम करती हैं। भागीदार सेवाएं कर्मचारी मरीज़/पार्टनर को सहायता प्रदान कर सकते हैं, रोग के लिए स्क्रीनिंग और उपचार के लिए रेफरल का संयोजन कर सकते हैं और खुद को और आपके यौन और/या सुई साझा करने वाले साझीदारों को संक्रमण लगने से बचने के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

## मुझे हिस्सा क्यों लेना चाहिए?

यह पता लगना कि आपको कोई यौन संचारित संक्रमण और/या HIV है, मुश्किल हो सकता है। कुछ लोग गुस्सा, डरा हुआ, लज्जित या शर्मिंदा महसूस कर सकते हैं। आपके/आपकी पार्टनर को बताना एक और समस्या है जिससे आपको निपटना पड़ सकता है, जो मुश्किल भी हो सकता है। बहुत कम लोग अपने यौन जीवन या नशीले पदार्थों के इस्तेमाल की बात करने में सहज महसूस करते हैं। तथापि, जब आपको कोई यौन संचारित संक्रमण और/या HIV हो, तब भागीदार सेवाओं से बात करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे आपके पार्टनरों की सावधानी से, गोपनीय रूप से और गुप्त रूप से सूचित करने में आपकी मदद कर सकते हैं। जब लोगों को पता हो कि वे किसी संक्रमण के संपर्क में आए हैं और परीक्षण कराते हैं और उपचार कराते हैं, तो यह रोग के फैलाव को कम करने और समुदाय में स्वास्थ्य को प्रोत्साहन देने में मदद करता है।

## आप खुद से पूछ सकते हैं, “मैं क्यों परवाह करूँ?”

- आपके पुनःसंक्रमित होने की संभावना के अलावा, आपके पार्टनरों के साथ यौन संबंध बनाने वाले या फिर उनके साथ सुइयाँ/नशीले पदार्थों को इंजेक्ट करने वाले उपकरण साझा करने वाले लोग भी संक्रमित हो सकते हैं। अगर आपके पार्टनर का उपचार न किया जाए, तो रोग अन्य लोगों तक फैल सकता है और गर्भावस्था के दौरान या जन्म के समय माँ से उसके बच्चे में भी संचारित हो सकता है।
- कुछ यौन संचारित संक्रमणों के कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन अगर उन्हें बिना उपचार किए छोड़ दिया जाए, तो उनसे गंभीर चिरकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हो सकता है कि HIV के लक्षण कई सालों तक दिखाई न दें। शुरुआती यौन संचारित संक्रमण और/या HIV का निदान और उपचार का मतलब है लंबा और अधिक स्वस्थ जीवन।
- शुरुआती आघात के बाद, भागीदार सेवाओं द्वारा संपर्क किए गए कोई लोग इस बात से खुश होते हैं कि उन्हें बताया गया है कि वे संक्रमण के संपर्क में आए हो सकते हैं। वे परीक्षण, उपचार और अन्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं और खुद की देखभाल करने के साथ-साथ संक्रमण को समुदाय के अन्य लोगों में फैलने से रोक सकते हैं।
- अगर आपको कोई यौन संचारित संक्रमण और/या HIV हो, तो आप अभी भागीदार सेवाओं से बात कर सकते/सकती हैं और अगर भविष्य में आपके नये पार्टनर हों, जिन्हें संभावित संपर्कों के बारे में सूचित करने की आवश्यकता है, तो आप उनसे संपर्क कर सकते हैं।

**“जब स्वास्थ्य विभाग मेरे दरवाज़े पर आया, तब मुझे बड़ा आघात लगा और मेरा मन खराब हुआ, लेकिन मैंने अपनी शुरुआती शर्मिंदगी को भुला दिया और मेरा परीक्षण किया गया। मुझे कभी पता नहीं चलेगा, कि मेरा नाम किसने दिया, पर मैं खुश हूँ कि उन्होंने ऐसा किया।”**

# भागीदार सेवाओं से सहायता के प्रकार:

- **अनाम तृतीय पक्ष सूचना**
  स्वास्थ्य विभाग में से कोई व्यक्ति आपके द्वारा प्रदान जानकारी का उपयोग करके आपके पार्टनरों को सूचित करता है कि वे यौन संचारित संक्रमण/HIV के संपर्क में आए हो सकते हैं। भागीदार सेवाओं के कर्मचारियों द्वारा तृतीय पक्ष सूचना (Third-Party Notification) को इंटरनेट द्वारा और/या सोशल मीडिया ऐप्स द्वारा भी पूरा किया जा सकता है। आपका नाम और पहचान कभी भी आपके पार्टनरों के साथ साझा नहीं किए जाएंगे। वे सिर्फ यही जानेंगे कि वे किसी यौन संचारित संक्रमण और/या HIV के संपर्क में आए हैं और उन्हें रोग के संपर्क में आने के लिए परीक्षण और उपचार के विकल्प प्रदान किए जाएंगे।

- **दोहरा प्रकटन**
  आप भागीदार सेवाओं के कर्मचारियों की सहायता से अपने पार्टनर को सूचित करते हैं। पूरी प्रक्रिया के दौरान भागीदार सेवाएं आपके साथ होंगी और आपके पार्टनर के प्रश्नों के उत्तर दे पाएगी। यह तरीका बहुत प्रभावी हो सकता है, क्योंकि हो सकता है कि आपके पास अपने पार्टनर को परीक्षण और उपचार के विकल्पों की दिशा में भेजने के लिए संपर्क के बारे में सभी तथ्य या जानकारी न हों।

- **स्वयं-प्रकटन**
  आप अपने पार्टनरों को सूचित करते हैं और उन्हें परीक्षण और उपचार सेवाएं प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। भागीदार सेवाएं आपकी आप जो कहने वाले हैं उसकी योजना बनाने और अभ्यास करने में मदद करेंगी। कुछ लोग यह तरीका पसंद करते हैं, लेकिन यह आपकी पहचान की रक्षा नहीं करता है। आप जिन्हें स्वयं सूचित करते हैं उन पार्टनरों से आपको नकारात्मक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। हालाँकि स्वयं सूचना देने में आपके इरादे अच्छे हो सकते हैं, चीज़ें हो जाती हैं; हो सकता है कि समय सही न हो; हो सकता है आप उस पार्टनर को फिर से न मिल पाएं; या जब आप मिलें, तो हो सकता है कि आपको बस सही शब्द न मिलें। अगर आप स्वयं सूचना न दे पाएं, तो आप और भागीदार सेवाएं योजना पर पुनर्विचार कर सकते हैं और वे आपके लिए आपके पार्टनरों से संपर्क कर सकते हैं।

**"मुझे उसे बताना था... लेकिन घबड़ाहट बहुत ज्यादा थी और मुझसे बस यह नहीं हो पाया।"**

# यौन संचारित संक्रमण/HIV को हटाने में हम सब की एक भूमिका है।

भागीदार सेवाएं आपकी मदद कर सकती हैं। न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ विभाग भागीदार सेवाएं प्रोग्राम (New York State Health Department Partner Services Program):

| | |
|---|---|
| **Long Island क्षेत्र** | **1-800-462-6786** |
| **New Rochelle क्षेत्र** | **1-800-828-0064** |
| **Capital District क्षेत्र** | **1-800-962-5065** |
| **Central New York क्षेत्र** | **1-800-562-9423** |
| **Rochester क्षेत्र** | **1-800-962-5063** |
| **Buffalo क्षेत्र** | **1-800-962-5064** |

स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के फोन नंबर और अधिक जानकारी यहाँ से प्राप्त की जा सकती है health.ny.gov/partnerservices।